**B.A. (Honours) Examination, 2019**
**Semester-VI**
**Hindi**
**Course : H-16**
(अन्य गद्य विधाएँ)

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×8=16

क) जमाना बदला। मैं अब शहरों में ही ज्यादातर रहता और शहर आए-दिन हिंदू-मुसलिम दंगों के अखाड़े बन जाते थे। हाँ आए-दिन। देखिएगा, एक ही सड़क पर हिन्दू-मुसलमान चल रहे हैं, एक ही दुकान पर सौदे खरीद रहे हैं, एक ही सवारियों पर जानू-ब-जानू आ जा रहे हैं, एक ही स्कूल में पढ़ रहे हैं, एक ही दप्तर में काम कर रहे हैं, कि अचानक सिर पर शैतान सवार हो गया।

ख) उस समय परिवार में कन्याओं की अभ्यर्थना नहीं होती थी। आँगन में गानेवालियाँ, द्वार पर नौबतवाले और परिवार के बूढ़े से लेकर बालक तक सब पुत्र की प्रतीक्षा में बैठे रहते थे। जैसे ही दबे स्वर से लक्ष्मी के आगमन का समाचार दिया गया, वैसे ही घर के एक कोने के दूसरे तक दरिद्र निराशा व्याप्त हो गई।

ग) हर जगह के पंडों की भांति यहाँ के पंडे भी यजमान के आराम का ख्याल रखते हैं और तुरंत ही सारे सोने के अंडों को निकलवाने की बात न करने पर भी अधिक से अधिक दक्षिणा पाने की कोशिश करते हैं। मैंने कह दिया-यशाशक्ति-तथा भक्ति।

घ) पिछले दस सालों से एक व्यक्ति के बारे में सुन रहा हूँ कि वह वेचारा भला आद्मी है; लँगोटी तक उतारकर दे देता है। उस भले आदमी ने कोट उतारकर दे दिया, कमीज उतारकर दे दिया, टोपी उतार कर दे दी, धोती उतारकर दे दी और लंगोटी उतारकर दे ही रहा था कि सावधान हो गया। उसने फिर पूरे कपड़े पहन लिए। अब कोई उसे भला आदमी नहीं कहता क्योंकि वह 'बेचारा' नहीं रहा।

2. निम्नलिखित प्रश्न में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×12=24

क) सरजू भैया की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

ख) 'लोहियावादी समाजवादी' में निहित सामाजिक यथार्थ पर विचार कीजिए।

ग) संस्मरण की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए 'लछमा' के जीवन-संघर्ष का वर्णन कीजिए।

घ) 'ईरान यात्रावृत्त' में राहुल सांकृत्यायन की वर्णन-शैली पर प्रकाश डालिए।